aglasem.com

Karnataka Open School

SAMPLE PAPER

KOS



ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

THIRD LANGUAGE — HINDI

(ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ)

(New Syllabus)

ಸಮಯ : ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 2.00 ರಿಂದ 4.30 ರವರೆಗೆ] [ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 100

Time : 2.00 P.M. to 4.30 P.M.] [Maximum Marks : 100

सूचनाएँ : i) उत्तर-पुस्तिका में कहीं भी लाल स्याही अथवा पेन्सिल से न लिखें ।

ii) प्रत्येक प्रश्न के मूल तथा उप-प्रश्ना की क्रम संख्याएँ ठीक तरह से उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

iii) लिखावट साफ़, सुंदर और स्पष्ट हो ।

I. निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार उत्तर दिए गए हैं जिनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए : $12 \times 1 = 12$

1) 'आरंभ' शब्द का विलोम शब्द है

A) प्रारंभ B) अंत

C) आदि D) अनंत ।

2) निम्नलिखित शब्दों में 'एकवचन' शब्द है

A) कहानी B) बातें

C) योजनाएँ D) रुपए ।

3) 'नौकर' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द है

A) नौकरी B) नौकराइन

C) नौकरिन D) नौकरानी ।

schools.aglasem.com

aglasem.com

4) निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है

A) चढ़ाना B) कमाई

C) देखना D) लिखावट ।

5) 'पक्षी' शब्द का समानार्थक शब्द है

A) पंख B) पक्ष

C) खग D) पंखा ।

6) 'हिम्मत न हारना' मुहावरे का अर्थ है

A) अधीर होना B) धीरज रखना

C) धैर्य खोना D) धारण करना ।

7) निम्नलिखित शब्दों में विजातीय शब्द है

A) दादी B) दीदी

C) पिता D) माता ।

8) निम्नलिखित में भाववाचक सज्ञा शब्द है

A) बुड्ढा B) बुढ़िया

C) बुढ़ापा D) बूढ़े ।

9) बच्चे ..... रोते हुए कहा । रिक्त स्थान में निम्नलिखित में से सही कारक है

A) में B) की

C) को D) ने ।

10) 'राजवंश' शब्द में समास है

A) तत्पुरुष B) बहुव्रीहि

C) द्वंद्व D) द्विगु ।

schools.aglasem.com

aglasem.com

11) क्या आप यह नहीं जानते ? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

A) योजक चिह्न B) उद्धरण चिह्न

C) प्रश्नवाचक D) विस्मयादि बोधक ।

12) निम्न में से गुण संधि का शब्द है

A) नयन B) नरेश

C) महौज D) पर्यावरण ।

II. अ) निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग अपने वाक्यों में कीजिए : $2 \times 1 = 2$

1) राजधानी

2) परिश्रम ।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : $2 \times 1 = 2$

1) मुसीबत का घड़ी तिम्मक्का के जीवन में शुरू हो गई ।

2) दक्षिण से नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं ।

इ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए : $2 \times 1 = 2$

1) सब कुछ जानने वाला ।

2) कपड़े धोने वाला ।

ई) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों से कीजिए : $3 \times 1 = 3$

1) हम दोनों ..... के घर में रहते हैं ।

2) लेकिन उसे भगवान से कोई ..... नहीं मिली ।

3) इंटरनेट की सहायता से ..... को मिटाया जा सकता है ।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ) सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए : $3 \times 1 = 3$

1) शरीर में प्राण है । दयालु बने रहना चाहिए ।

(जब तक ..... तब तक, का प्रयोग कर वाक्य बनाइए)

2) भिखारी रास्ते में बैठा था एक गरीब ।

(सार्थक वाक्य बनाइए)

3) एक दूसरे व्यक्ति से पूछता है ।

(भविष्यत् काल में बदलिए)

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : $5 \times 1 = 5$

1) कर्नाटक को चंदन का आभार क्यों कहते हैं ?

2) तिम्मक्का द्वारा लगाए गए पेड़ों की रक्षा का बीड़ा किसने उठाया है ?

3) शनि को सौर मंडल का सबसे सुंदर ग्रह क्यों कहा जाता है ?

4) परिश्रम का अच्छा परिणाम पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

5) 'मातृभूमि' कविता से विद्यार्थियों में कौन-सी भावना जागृत होगी ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $6 \times 2 = 12$

1) रवींद्रनाथ जी ने 'सर' की उपाधि क्यों त्याग दी ?

2) करोड़पति के होश-हवास क्यों उड़ गए ?

3) लेखिका की गैरहाजरी में गिल्लू ने दिन कैसे बिताए ?

4) साहित्य के संबंध में साहनी जी की राय क्या है ?

5) दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

6) 'सत्य की महिमा' पाठ के आधार पर बताइए कि झूठ बोलने का परिणाम क्या होता है ?

schools.aglasem.com

aglasem.com

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों में सही के सामने (✓) और गलत के सामने (×) चिह्न लगाइए : $5 \times 1 = 5$

1) रवींद्रनाथ जन्मजात साहित्यकार और कवि थे ।

2) इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी की जा सकती है ।

3) रेस्तराँ का मालिक जापानी था ।

4) कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है ।

5) 'विपत्ति के साथी', मित्र होते हैं ।

आ) निम्नलिखित वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

'अ'	**'आ'**
1) भक्त करोड़पति	i) तुलसीदास
2) सिलीकॉन सिटी	ii) शिव भक्त
3) सरकारी कामकाज की यथावत् सूचना	iii) सूरदास
4) गिल्लू की पूँछ	iv) ई-गवर्नेंस द्वारा
5) कृष्ण भक्त कवि	v) बेंगलूरू
	vi) झब्बेदार
	vii) कर्नाटक
	viii) चमकीली ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **चार-पाँच** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 3 = 6$

1) पर्यावरण संरक्षण में तिम्मक्का का क्या योगदान है ? स्पष्ट कीजिए ।

2) राष्ट्रभाषा हिंदी के बारे में डॉ० कंबार जी के विचार क्या हैं ? बताइए ।

schools.aglasem.com
aglasem.com

VII. अ) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

विमल इंदु .....

.....

.....

..... दिखा रही है ।

अथवा

मुखिया मुख .....

..... सहित विवेक ।।

आ) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का परिचय दीजिए : 1 × 2 = 2

1) रामधारी सिंह 'दिनकर'

2) तुलसीदास ।

VIII. कवि और कविता का नाम लिखकर कवितांश का भावार्थ लिखिए : 2 × 4 = 8

1) एक हाथ में न्याय पताका,
ज्ञान दीप दूसरे हाथ में,
जग का रूप बदल दे, हे माँ
कोटि-कोटि हम आज साथ में ।

2) राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

IX. सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए :

1) "रिक्शा बुलवाइए । मैं सीधा स्टेशन जाऊँगा । यहाँ नहीं रुकूँगा ।"

अ) यह वाक्य किस पाठ का है ? 1

आ) किसने कहा ? 1

इ) किससे कहा ? 1

schools.aglasem.com

aglasem.com

2) "क्यों डॉक्टर ! ठीक हो जाएगा न ।"

अ) यह वाक्य किस पाठ का है ? 1

आ) किसने कहा ? 1

इ) किसके बारे में कहा ? 1

3) "तू मोहि को मारन सीखी"

अ) यह वाक्य किस कविता का है ? 1

आ) किसने कहा ? 1

इ) किससे कहा ? 1

X. अपन प्रधानाध्यापक से दो दिन की छुट्टी माँगते हुए एक पत्र लिखिए । 5

अथवा

दशहरे के मेले का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

XI. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

भारत के उत्तर में गिरिराज हिमालय खड़ा है । इसका श्वेत मुकुट सदा चमकता रहता है । इसके बर्फीले शिखर चमचमाते रहते हैं । हिमालय इस देश का पालन करता है । हिमालय से अनेक नदियाँ निकलती हैं और उत्तर भारत की भूमि को सींचती हैं । हिमालय हमारा पहरेदार है क्योंकि यह प्रहरी के समान कभी सोता नहीं, सदा जागता रहता है । यह हमारी उत्तरी सीमा रेखा है जो मध्य एशिया से हमें अलग करता है । हमें अलग व्यक्तित्व प्रदान करता है । यह हमारा पहरेदार होने के साथ-साथ अन्नदाता, रक्षक, पोषक, चिकित्सा करने वाला वैद्य भी है क्योंकि यह हमें जड़ी-बूटियाँ देता है ।

प्रश्न :

1) हिमालय को पहरेदार क्यों कहा गया है ?

2) हिमालय हमें किससे अलग करता है ?

3) हिमालय को वैद्य क्यों कहा गया है ?

4) हिमालय भारत के किस भाग में है ?

5) हिमालय की नदियाँ उत्तर भारत की भूमि के लिए किस प्रकार उपयोगी हैं ?

schools.aglasem.com
aglasem.com

XII. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर पंद्रह-बीस वाक्यों में निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

1) पुस्तकालय से लाभ ।

2) कम्प्यूटर की उपयोगिता ।

3) जनसंख्या की समस्या ।

XIII. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड़ में कीजिए : $5 \times 1 = 5$

1) स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ ।

2) वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे ।

3) इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।

4) गीतांजलि का एक-एक गीत भावों से परिपूर्ण है ।

5) गिल्लू का प्रिय खाद्य काजू था ।

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com